जिले के थानों में बलवा ड्रिल, कांबिंग गश्त में 144 गिरफ्तार

एक्शन में पुलिस
कप्तान अगम जैन

नवभारत न्यूज़

खंडवा। जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस द्वारा विशेष बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी स्तर पर यह अभ्यास कराया गया।पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थ बल को बलवा ड्रिल सामग्री धारण करने तथा आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में जिले के सभी थानों एवं चौकियों में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा दंगा नियंत्रण संबंधी अभ्यास किया गया। ड्रिल के दौरान पुलिस बल को हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, ढाल, लाठी, टियर गैस उपकरण सहित अन्य सुरक्षा संसाधनों को कम से कम समय में धारण करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही किसी भी बलवा, विरोध प्रदर्शन या संवेदनशील स्थिति के दौरान किस प्रकार संयम, सतर्कता और समन्वय के साथ कार्रवाई करनी है, इसकी जानकारी भी दी गई। अभ्यास के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जवानों को भीड़ नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस बल को यह भी बताया गया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिक जिम्मेदारी है।

ड्रिल के दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं सुरक्षा संसाधनों के उपयोग का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। अधिकारियों ने पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान अनुशासन, सतर्कता एवं त्वरित प्रतिसाद बनाए रखने के निर्देश दिए। खंडवा पुलिस का कहना है कि इस प्रकार की नियमित ड्रिल का उद्देश्य पुलिस बल को हर परिस्थिति के लिए तैयार रखना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रभावी कार्रवाई कर कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

पुलिस की बड़ी कांबिंग गश्त, 144 आरोपी गिरफ्तार

खंडवा। पुलिस द्वारा विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर के मार्गदर्शन में जिलेभर में वारंटियों, गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सघन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान पिछले कई वर्षों से फरार चल रहे अपराधियों सहित कुल 30 स्थाई वारंटी, 97 गिरफ्तारी वारंटी, 12 एनआई एक्ट वारंटी एवं 05 वसूली वारंटियों को गिरफ्तार कर कुल 144 आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। इसके अलावा 117 गुंडा बदमाश, 54 निगरानी बदमाश एवं 08 जिलाबदर बदमाशों की जांच कर उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई। वहीं अवैध गतिविधियों में शामिल 03 लोगों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

एक नजर

संत श्री हरि नारायण शास्त्री की श्रीमद्भागवत कथा आज से

ओंकारेश्वर। धार्मिक नगरी ओंकारेश्वर में 18 मई से 24 मई तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। हरि नारायण शास्त्री के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कलोता समाज धर्मशाला, नर्मदा परिक्रमा मार्ग ओंकारेश्वर में कथा का आयोजन महिला भक्त मंडल द्वारा किया जाएगा। कथा आयोजन को लेकर रविवार को उज्जैन से महिला भक्त मंडल एवं श्रद्धालु भक्त मां शिप्रा का पावन जल लेकर ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुए। श्रद्धालु मां नर्मदा का अभिषेक, पूजन एवं चुनरी अर्पित कर कथा का शुभारंभ करेंगे। आयोजन को माँ शिप्रा की ज्ञान गंगा का मां नर्मदा में संगम के रूप में विशेष आध्यात्मिक स्वरूप दिया गया है। कथा शुभारंभ अवसर पर अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश पुरोहित संतों के सान्निध्य में भागवत पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, आचार्य विमल पांडे, प्रकाश पाटीदार, प्रेम राठौर, शरद चौहान, श्री मिश्रा, उषा सोलंकी, उर्मिला चतुर्वेदी, लक्ष्मी चौहान, सुनीता भावसार एवं कोमल गंगवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आज

खंडवा । म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतो की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं कार्यक्रम जारी किया गया हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो को जानकारी देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 18 मई को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में अपरान्ह 4 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित होगी।

सबसे दूर, सबसे पहले पहुंचेगी सरकार, आज से 305 आदिवासी गांवों में लगेंगे शिविर

खंडवा। जनजातीय वर्ग को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 18 से 25 मई तक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान जन भागीदारी सबसे दूर-सबसे पहले संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत खंडवा जिले के जनजातीय बहुल 305 गांवों में लाभार्थी संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाएंगे।प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आयोजित इन शिविरों में 18 विभागों की 25 सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जाएगा। शिविर जिले के विभिन्न आदि सेवा केंद्रो में आयोजित होंगे।जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक नीरज पाराशर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि पात्र हितग्राही सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहें।अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा किया जाएगा।

अच्छी बारिश और खुशहाली की कामना

खंडवा। आधुनिकता और डिजिटल युग की चकाचौंध के बीच खंडवा जिले ने आज भी अपनी सदियों पुरानी समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं को पूरी शिद्दत से सहेज कर रखा है। ज्येष्ठ मास की अमावस्या के पावन अवसर पर पूरे खंडवा जिले के मुंदी नगर सहित ग्रामीण अंचलों में निमाड़ की सुप्रसिद्ध डोडगली अमावस्या (डेडगली) की परंपरा पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान जिलेभर में बच्चों की टोलियों ने गलियों में घूमकर नेक मांगा और आने वाले मानसून में अच्छी बारिश व अंचल की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।निमाड़ अंचल और विशेषकर खंडवा जिले में यह मान्यता सदियों से चली आ रही है कि वर्षा ऋतु के आगमन से ठीक पहले ज्येष्ठ अमावस्या को अच्छी बारिश के लोक-उत्सव के रूप में मनाया जाता है। प्रकृति से जुड़ी इस परंपरा के तहत गांवों और कस्बों में बच्चों की टोलियां एकत्र होती हैं। टोली के ही एक बच्चे को प्रतीक स्वरूप मेंढक (डोडगली) बनाया जाता है, जिसे सिर से पैर तक रस्सी के सहारे पलाश (खाखरा) के पत्तों से पूरी तरह लपेट दिया जाता है। इसके बाद बच्चों की यह टोली पारंपरिक लोकगीत गाते हुए ढोल-धमाकों के साथ निकलती है।खंडवा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जब पलाश के पत्तों से ढके डोडगली बने बच्चे को लेकर टोली गृहस्थों के दरवाजों पर पहुंची, तो ग्रामीण संस्कृति का एक बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिला। परंपरा के अनुसार, घर की महिलाओं और बुजुर्गों ने डोडगली बने बच्चे के ऊपर बाल्टियां भरकर पानी डाला। लोक मान्यता है कि बच्चों पर पानी डालना इंद्रदेव को प्रसन्न करने का प्रतीक है ताकि जिला सूखे की मार से बच सके। पानी डालने के बाद हर घर से बच्चों को अनाज (गेहूं-ज्वार), गुड़ और नगद राशि नेक के रूप में भेंट की गई।

गुड़ीखेड़ा को मिली 16 .78 करोड़ की शिक्षा सौगात

नवभारत न्यूज़

पंधाना। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुड़ीखेड़ा में ग्रामीण शिक्षा को नई उड़ान देने वाला ऐतिहासिक क्षण उस समय देखने को मिला, जब 16 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शासकीय महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पंधाना विधायक छाया मोरे एवं सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल मुख्य रूप से मौजूद रहे। भूमिपूजन समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष जगराम यादव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र दांगोड़े, जनपद अध्यक्ष सुम्मीबाई, भाजपा कार्यकर्ता सुधीर शर्मा, सुखदेव यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल

दिखाई दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक छाया मोरे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए शहरों की ओर पलायन न करना पड़े, इसी उद्देश्य को लेकर लगातार प्रयास किए गए। लंबे संघर्ष और सतत पहल के बाद गुड़ीखेड़ा क्षेत्र को शासकीय महाविद्यालय की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास का सबसे मजबूत आधार है और सरकार गांव-गांव तक बेहतर शिक्षा सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार ग्रामीण भारत को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में लगातार मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि गुड़ीखेड़ा में बनने वाला यह महाविद्यालय भवन क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देगा और विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा को बड़ा संबल मिलेगा।ग्रामीणों ने भी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी कॉलेज की मांग पूरी होने से अब ग्रामीण विद्यार्थियों का सपना साकार हो सकेगा।

कृषक जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी...

किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और शासन की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से शनिवार को पंधाना जनपद परिसर से कृषक जागरूकता रथ को रवाना किया गया। पंधाना विधायक छाया मोरे ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। कृषि विभाग द्वारा संचालित यह रथ आगामी 10 दिनों तक विकासखंड की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों को जागरूक करेगा।कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि नितेश यादव, जनपद सीईओ सुरेशचंद टेमने, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार निगवाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।कृषक जागरूकता रथ के माध्यम से किसानों को ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल विविधीकरण तथा कीट नियंत्रण की जानकारी दी जाएगी। विधायक छाया मोरे ने किसानों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि आधुनिक और जागरूक किसान ही समृद्ध भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं।

पटाखा गोदामों पर प्रशासन की पैनी नजर

पुलिस-प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई, सुरक्षा व्यवस्थाओं की हुई जांच

खंडवा। टोंककला फैक्ट्री ब्लास्ट की घटना के बाद खंडवा जिले में पटाखा गोदामों और विस्फोटक सामग्री भंडारण स्थलों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिले में लगातार दूसरे दिन पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में संचालित पटाखा गोदामों और मैगजीनों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान गोदाम संचालकों को सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जिले में कहीं भी सुरक्षा नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध भंडारण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।16 मई को ष्टस्क अभिनव बारंगे, सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर, एसडीओपी हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर, स्छरूहरसूद तथा थाना स्टाफ द्वारा खालवा क्षेत्र में संचालित जय अम्बे ट्रेडर्स मैगजीन संदलपुर सहित अन्य पटाखा गोदामों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लाइसेंस, दस्तावेज, अग्निशमन उपकरण, भंडारण क्षमता और सुरक्षा इंतजामों की जांच की।वहीं 17 मई को डीएसपी मुख्यालय अनिल चौहान, एसडीएम दिनेश सावले एवं चौकी बोरगांव स्टाफ द्वारा पंधाना थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरगांव चौकी में संचालित दिनेश शर्मा मैगजीन एवं पटाखा गोदामों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने संचालकों को विस्फोटक सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के सुझाव भी दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिन गोदामों में नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, संभावित दुर्घटनाओं को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से गोदाम संचालकों में भी सतर्कता बढ़ी है।

देशभर में खंडवा का जल संरक्षण मॉडल बना मिसाल, मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर बरकरार

नवभारत न्यूज़

खंडवा। इच्छाशक्ति हो तो हर काम मुमकिन है। इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए खंडवा जिले ने एक बार फिर जल संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। जल ही जीवन है के सिद्धांत को जन-आंदोलन में बदलते हुए जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल को सहेजने और भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर नवाचार किए जा रहे हैं। पिछले वर्ष जल संरक्षण के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान हासिल करने के बाद, इस वर्ष भी खंडवा जिला इतिहास दोहराने की राह पर है। वर्तमान रैंकिंग में खंडवा और डिंडोरी के बीच कड़ा मुकाबला चल रहा है, लेकिन अपने बेहतरीन नवाचारों के दम पर खंडवा मध्य प्रदेश में पहले स्थान पर मजबूती से डटा हुआ है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता और जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन गौड़ा के कुशल मार्गदर्शन में इस वर्ष एक बेहद अनूठी पहल की गई है। अब तक केवल पहाड़ियों और ग्रामीण क्षेत्रों में ही कंटूर यानी गड्ढे बनाए जाते थे, लेकिन इस बार सड़कों के किनारों पर भी लाखों कंटूर तैयार किए जा रहे हैं। आमतौर पर बारिश का पानी डामर और कंक्रीट की सड़कों से बहकर सीधे नालों और नदियों के जरिए व्यर्थ चला जाता है, लेकिन सड़कों के किनारे बने इन कंटूरों के माध्यम से पानी बहेगा नहीं, बल्कि वहीं रुककर धीरे-धीरे जमीन में समाएगा। इससे आसपास के क्षेत्रों का भूजल स्तर तेजी से ऊपर आएगा। जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता के अनुसार, जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जल संचय को लेकर मिशन मोड में काम किया जा रहा है। पानी की हर एक बूंद को सहेजने के लिए खेत तालाब, कुओं के रिचार्ज पिट, अमृत सरोवर, रिचार्ज शाफ्ट, बोरवेल रिचार्ज सिस्टम और रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी बहुआयामी योजनाओं को जमीन पर उतारा गया है। इसके साथ ही पुराने तालाबों और पारंपरिक जलाशयों का आधुनिक तकनीक से जीर्णोद्धार किया जा रहा है ताकि उनकी जल भंडारण क्षमता बढ़ सके। जिले में अब तक एक लाख से अधिक जल संरचनाएं बनाई जा चुकी हैं, ।खंडवा की इस सफलता का सबसे बड़ा कारण प्रशासनिक सक्रियता के साथ-साथ आम जनता की संयुक्त भागीदारी है। जल शक्ति मंत्रालय की रैंकिंग में भी यह जिला देश के अग्रणी जिलों में शुमार है। समाजसेवी सुनील जैन का कहना है कि भीषण गर्मी के दौर में, मानसून की आमद से पहले ही पानी सहेजने की यह तैयारी दूरगामी परिणाम लाएगी। जल है तो कल है के संकल्प के साथ खंडवा की यह मुहिम न केवल स्थानीय जल संकट को खत्म करेगी, बल्कि पूरे देश के लिए जल संरक्षण का एक अनुकरणीय राष्ट्रीय मॉडल साबित हो रही है।

एक नजर

आधुनिक डिजिटल युग के अद्भुत संगम के रूप में पहचान बना रहीं

साध्वी कृष्णप्रिया की आज से गणेश गौशाला में पांच दिवसीय कथा

नवभारत न्यूज़

खंडवा। सनातन संस्कृति, गौ-सेवा और आधुनिक डिजिटल युग के अद्भुत संगम के रूप में पहचान बना रहीं कृष्णप्रिया आज देशभर में भक्ति और सामाजिक सरोकार का प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं। महज 5 वर्ष की आयु में वैराग्य धारण कर भगवान कृष्ण की भक्ति को जीवन का उद्देश्य बनाने वाली साध्वी कृष्णप्रिया अब कथा, भजन और गौ-सेवा के माध्यम से लाखों लोगों को आध्यात्मिक संदेश दे रही हैं।

समाजसेवी एवं समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि मूल रूप से वृंदावन के ब्राह्मण परिवार से जुड़ी साध्वी कृष्णप्रिया बचपन से ही बांके बिहारी की भक्ति में लीन रहीं। चारों धाम सहित कई प्रमुख तीर्थ स्थलों पर कथा वाचन के बाद अब वे दादाजी की नगरी खंडवा में श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराएंगी।उन्होंने बताया कि एक बार कथा आयोजन के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल गाय को देखकर साध्वी कृष्णप्रिया का मन द्रवित हो उठा और तभी से गौ-सेवा उनके जीवन का प्रमुख संकल्प बन गई। वर्तमान में कथा आयोजनों से प्राप्त धनराशि का बड़ा हिस्सा गौ-सेवा में समर्पित किया जा रहा है। मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में लगभग एक हजार बेसहारा एवं घायल गायों के लिए विशाल गौशाला निर्माण का कार्य भी जारी है।डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी साध्वी कृष्णप्रिया की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। उनकी आवाज में गाया गया भजन तू जप ले राधा राधा यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर बेहद लोकप्रिय हो चुका है। भजन को यूट्यूब पर 11 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं, जबकि सोशल मीडिया रील्स में भी यह तेजी से वायरल हो रहा है।पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के संयोजक आशीष चटकेले ने बताया कि खंडवा स्थित श्री गणेश गौशाला परिसर में 18 मई से पांच दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक मास के पुण्य अवसर पर कथा श्रवण कर भक्ति एवं पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

खिराला में घर में घुसकर युवक पर हमला

नवभारत न्यूज़

खंडवा। जिले के खिराला गांव में पुरानी रंजिश और कोर्ट में चल रहे मामले को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक और उसके भतीजे के साथ लोहे के पाइप एवं हाथ-मुक्कों से मारपीट की।

घटना के बाद बोरगांव चौकी पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार फरियादी शेख रईश (34) निवासी ग्राम खिराला ऑटो चालक है। उसने शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार रात करीब 10 बजे वह अपने घर में भतीजे शेख फैजान के साथ खाना खा रहा था। इसी दौरान गांव के तोसिफ पिता नईम, अयान पिता कलीम उर्फ कल्लू, कलीम उर्फ कल्लू पिता गुलाम तथा शाहरुख पिता नईम जबरन उसके घर में घुस आए। फरियादी के मुताबिक आरोपियों ने कोर्ट में चल रहे मामले में राजीनामा करने का दबाव बनाया।

जब रईश और उसके भतीजे ने घर में घुसने का कारण पूछा तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद कलीम उर्फ कल्लू और तोसिफ ने लोहे के पाइप से रईश पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर, हाथ और पैरों में चोटें आईं।बीच-बचाव करने पहुंचे भतीजे शेख फैजान के साथ भी अयान और शाहरुख ने मारपीट की, जिससे उसे हाथ और पीठ में चोट आई। आरोप है कि चारों आरोपी रईश को कॉलर पकड़कर घर से घसीटते हुए तांगा स्टैंड तक ले गए और वहां भी मारपीट की।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।